चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/8800
दिनांक : 16-5-2024

कार्यालय ज्ञाप

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2021–22 से एन0ई0पी0–2020 के अंतर्गत बी0ए0, बी0काम0 एवं बी0एस0–सी0 पाठ्यक्रम संचालित हो रहे है। प्रथम सत्र में प्रविष्ट छात्र वर्तमान में अपने स्नातक की अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। सत्र 2024–25 से सम्बद्ध महाविद्यालयों में भी एन0ई0पी0–2020 के अनुसार परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित किये जाने है।

महाविद्यालयों में एन0ई0पी0–2020 के अनुसार परास्नातक पाठ्यक्रमों को इस सत्र से संचालित करने के सम्बन्ध में समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यो की एक ऑनलाइन बैठक शीघ्र आहूत होनी है जिसके बारे में सूचना यथा–समय उपलब्ध कराई जायेगी। चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध राजकीय, अनुदानित एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय के प्राचार्यों से अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय के शिक्षकों/सम्बन्धित पक्षों से व्यापक विचार विमर्श कर आवश्यक तैयारी करने का कष्ट करें ताकि मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में अनुकूल सुझाव/प्रस्ताव प्राप्त हो सके।

16/05

for कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. निदेशक (शैक्षणिक)।
03. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
04. समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या।
05. प्रेस प्रवक्ता।
06. वेबसाइट।

उप कुलसचिव (परीक्षा)